FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

For immediate release

प्रेस विज्ञप्ति

सीईओ एफएसएसएआई की हैदराबाद यात्रा, तेलंगाना के खाद्य सुरक्षा इकोसिस्टम की समीक्षा की

नई दिल्ली, 17 जनवरी, 2023: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), श्री जी कमला वर्धन राव ने निगरानी, ने खाद्य परीक्षण बुनियादी ढांचे, कार्यान्वयन सहित खाद्य सुरक्षा इकोसिस्टम की स्थिति का जायजा लिया। श्री राव ने सोमवार, 16 जनवरी, 2023 को हैदराबाद की यात्रा के दौरान तेलंगाना राज्य में ईट राइट इंडिया पहल के क्रियान्वयन का भी जायजा लिया।

हैदराबाद के जीएचएमसी भवन में सीईओ श्री जी कमला राव ने एक बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में श्वेता मोहंती, आईएएस, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, श्री संतोष, अतिरिक्त आयुक्त, जीएचएमसी, डॉ. सी. शिवलीला, निदेशक, आईपीएम, श्री राकेश कुमार, निदेशक, एफएसएसएआई, राज्य खाद्य नियंत्रक, नामित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, केंद्रीय एफएसएसएआई टीम और विभिन्न एफबीओ ने भाग लिया। सीईओ श्री राव ने कहा कि एफएसएसएआई आवश्यक बुनियादी ढांचे, परीक्षण उपकरण के निर्माण के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है और समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके विशेष शिविर, निरीक्षण, जागरूकता अभियान आदि चलाने के लिए संसाधन जुटाना प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे आश्वासन दिया कि एफएसएसएआई राज्य में खाद्य सुरक्षा इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

उन्होंने राज्य प्राधिकरण को बाजार में उपलब्ध खाद्य उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर जोखिम-आधारित निरीक्षण, थर्ड पार्टी ऑडिट, निगरानी अभियान पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

जैसा कि वर्ष 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया गया है, सीईओ ने अधिकारियों को विभिन्न मीडिया के माध्यम से मिलेट के महत्व के बारे में जनता के बीच प्रचार, शिक्षा और जागरूकता पैदा करने की सलाह दी।

सीईओ, एफएसएसएआई ने ईट राइट इंडिया पहल के माध्यम से जनता के बीच जागरूकता पैदा करने और अपनी बेंचमार्किंग और प्रमाणन योजनाओं और क्लस्टर पहलों के माध्यम से खाद्य प्रतिष्ठानों के बुनियादी ढांचे और स्वच्छता अनुपालन स्तरों में सुधार के लिए देश की खाद्य व्यवस्था को बदलने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जेल, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, स्कूल, पूजा स्थल, स्ट्रीट फूड विक्रेता, साथ ही फलों और सब्जियों के बाजार को ईट राइट इंडिया पहल से जोड़ने की बात कही।

श्री राव ने ईट राइट इंडिया पहल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया।

बैठक के दौरान, श्री राव ने श्रीमती श्वेता मोहंती, खाद्य सुरक्षा आयुक्त को इंटीग्रेटेड मार्केट, गजवेल और इंटीग्रेटेड मार्केट करीमनगर रोड, सिद्दीपेट का ईट राइट फ्रूट्स एंड वेजिटेबल मार्केट सर्टिफिकेशन वितरण किया। । बाद में, उन्होंने तेलुगु भाषा में खाद्य सुरक्षा प्रदर्शन बोर्ड भी लॉन्च किए।